**भारत सरकार**
**स्वास्थ्य और परिवार कल्याण मंत्रालय**
**स्वास्थ्य और परिवार कल्याण विभाग**

**लोक सभा**
**अतारांकित प्रश्न संख्या: 549**
**04 फरवरी, 2022 को पूछे जाने वाले प्रश्न का उत्तर**

**प्रधानमंत्री स्वास्थ्य सुरक्षा योजना (पीएमएसएसवाई)**

**549. डॉ. अमोल रामसिंह कोल्हेः**
**श्रीमती सुप्रिया सदानंद सुले:**
**श्री कुलदीप राय शर्मा:**
**श्री सुनील दत्तात्रेय तटकरे:**
**डॉ. सुभाष रामराव भामरे:**

**क्या स्वास्थ्य और परिवार कल्याण मंत्री** यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) प्रधानमंत्री स्वास्थ्य सुरक्षा योजना की मुख्य विशेषताएं तथा देश में इसके कार्यान्वयन की वर्तमान स्थिति क्या है और विगत तीन वर्षो व वर्तमान वित्त वर्ष के दौरान इस योजना के अंतर्गत निधि का राज्य/संघ राज्य क्षेत्रवार कुल आबंटन कितना है;

(ख) पीएमएसएसवाई के अंतर्गत किए गए कार्यों का महाराष्ट्र, तमिलनाडु तथा अंडमान व निकोबार द्वीपसमूह सहित राज्य/संघ राज्य क्षेत्र-वार ब्यौरा क्या है;

(ग) क्या सरकार ने पीएमएसएसवाई के विभिन्न चरणों के अंतर्गत देश के चिकित्सा संस्थानों के उन्नयन का निर्णय लिया है और यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है तथा तमिलनाडु व महाराष्ट्र सहित परियोजनाओं के उन्नयन की राज्य/संघ राज्य क्षेत्र वार वर्तमान स्थिति क्या है;

(घ) पीएमएसएसवाई के तीसरे चरण के अंतर्गत, सुपर स्पेशलिटी सेवाओं के विकास के लिए चिह्नित किए गए चिकित्सा महाविद्यालयों/संस्थानों का राज्य/संघ राज्य क्षेत्र-वार ब्यौरा क्या है;

(ङ) क्या सरकार ने गत तीन वर्षों के दौरान पीएमएसएसवाई के अंतर्गत किए गए कायों तथा कार्यनिष्पादन से संबंधित कोई मूल्यांकन किया है; और

(च) यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है और यदि नहीं, तो इसके क्या कारण हैं?

**उत्तर**
**स्वास्थ्य और परिवार कल्याण राज्य मंत्री (डॉ. भारती प्रविण पवार)**

(क) से (घ): प्रधान मंत्री स्वास्थ्य सुरक्षा योजना (पीएमएसएसवाई) का उद्देश्य किफ़ायती तृतीयक स्वास्थ्य सेवाओं की उपलब्धता में क्षेत्रीय असंतुलन को दूर करना और देश में गुणवत्तापूर्ण चिकित्सा शिक्षा के लिए सुविधाओं को बढ़ाना है। इस योजना के दो घटक हैं, नामतः (i) अखिल भारतीय आयुर्विज्ञान संस्थान (एम्स)

की स्थापना; और (ii) मौजूदा सरकारी मेडिकल कॉलेजों/संस्थानों (जीएमसीआई) का उन्नयन। योजना के तहत अब तक 22 नए एम्स की स्थापना और जीएमसीआई के उन्नयन की 75 परियोजनाओं को विभिन्न चरणों में मंजूरी दी गई है। योजना के तहत अनुमोदित चरण-वार कार्यों सहित देश में योजना के कार्यान्वयन की स्थिति अनुलग्नक में है। पीएमएसएसवाई के तहत निधि आवंटन योजना के तहत शुरू की गई सभी परियोजनाओं के लिए संयुक्त है और कोई राज्य-संघ राज्य क्षेत्र-वार आवंटन नहीं है। योजना के तहत विगत तीन वित्तीय वर्षों और वर्तमान वित्तीय वर्ष के दौरान आवंटित निधि का विवरण निम्नानुसार है;

| वित्तीय वर्ष | निधि आवंटन (अनुमान संशोधित) (करोड़ रुपए में) |
|---|---|
| 2018-19 | 3825.00 |
| 2019-20 | 4714.90 |
| 2020-21 | 7517.25 |
| 2021-22 | 7623.70* |

*ईसीआरपी-II के तहत 223.70 करोड़ रुपए सहित

(ङ) से (च): भारतीय लोक प्रशासन संस्थान के माध्यम से पीएमएसएसवाई का एक स्वतंत्र मूल्यांकन अध्ययन किया गया है। अध्ययन नवंबर, 2017 में सौंपा गया था और इसकी अंतिम रिपोर्ट दिसंबर, 2020 में प्राप्त हुई थी। इस अध्ययन में 6 कार्यशील एम्स और चरण- I और II की 19 जीएमसीआई उन्नयन परियोजनाओं में से 8 उन्नत जीएमसीआई परियोजनाओं का नमूना शामिल किया गया था।

**अनुलग्नक**

**पीएमएसएसवाई के तहत 22 नए एम्स की स्थिति**

| क्र.सं. | राज्यसंघ/ राज्य क्षेत्र | एम्स | चरण | स्थिति |
|---|---|---|---|---|
| 1 | आंध्र प्रदेश | एम्स, मंगलागीरि | IV | • निर्माण कार्य पूर्ण:<br>✓ चरण I - ओपीडी ब्लॉक और आवासीय परिसर:<br>पूर्ण कार्य<br>✓ चरण II - अस्पताल और शैक्षणिक परिसर: 90%<br>• एमबीबीएस की कक्षाएं शैक्षणिक वर्ष 2018-19 से शुरू हो चुकी है।<br>• ओपीडी सेवाएं 12.3.2019 से आरंभ है। |
| 2 | असम | एम्स, गुवाहाटी | V | • निर्माण कार्य -62 पूर्ण%<br>• एमबीबीएस की कक्षाएं एक अस्थायी परिसर में शैक्षणिक वर्ष 2020-21 से शुरू हो चुकी है। |
| 3 | बिहार | एम्स, पटना | I | कार्यशील |
| 4 | | एम्स, दरभंगा | V | • राज्य सरकार द्वारा अभी अतिक्रमण मुक्त भूमि सौंपी जानी है। |
| 5 | छत्तीसगढ | एम्स, रायपुर | I | कार्यशील |
| 6 | गुजरात | एम्स, राजकोट | VI | • निर्माण कार्य -20 %पूर्ण<br>• एमबीबीएस की कक्षाएं एक अस्थायी परिसर में शैक्षणिक वर्ष 2020-21 से शुरू हो चुकी है।<br>• ओपीडी सेवाएं 31-12-2021 से आरंभ है। |
| 7 | हरियाणा | एम्स, मनेठी | VIII | • राज्य सरकार द्वारा अभी अतिक्रमण मुक्त भूमि सौंपी जानी है। |
| 8 | हिमाचल प्रदेश | एम्स, बिलासपुर | V | • निर्माण कार्य -80 %पूर्ण<br>• एमबीबीएस की कक्षाएं शैक्षणिक वर्ष 2020-21 से शुरू हो चुकी हैं।<br>• ओपीडी सेवाएं 05-12-2021 से आरंभ हैं। |
| 9 | जम्मू और कश्मीर | एम्स जम्मू | V | • निर्माण कार्य -41 %पूर्ण<br>• एमबीबीएस की कक्षाएं एक अस्थायी परिसर में शैक्षणिक वर्ष 2020-21 से शुरू हो चुकी है। |

| | | | | |
|---|---|---|---|---|
| 10 | | एम्स कश्मीर | V | • निर्माण कार्य -8.5 %पूर्ण |
| 11 | झारखंड | एम्स,देवघर | VI | • निर्माण कार्य - 70 %पूर्ण<br>• एमबीबीएस की कक्षाएं एक अस्थायी परिसर में शैक्षणिक वर्ष 2019-20से शुरू हो चुकी है।<br>• ओपीडी सेवाएं 24-8-2021 से परिचालित है। |
| 12 | मध्य प्रदेश | एम्स, भोपाल | I | कार्यशील |
| 13 | महाराष्ट्र | एम्स, नागपुर | IV | • निर्माण कार्य की प्रगति :<br>• चरण I - ओपीडी ब्लॉक और आवासीय परिसर पूर्ण<br>• चरण II - अस्पताल और शैक्षणिक परिसर पूर्ण<br>• एमबीबीएस की कक्षाएं शैक्षणिक वर्ष 2018-19 से शुरू हो चुकी है।<br>• ओपीडी सेवाएं 9.9.2019 से परिचालित है। |
| 14 | ओडिशा | एम्स, भुवनेश्वर | I | कार्यशील |
| 15 | पंजाब | एम्स, बठिंडा | V | • निर्माण कार्य 95.18% पूर्ण।<br>• एमबीबीएस की कक्षाएं शैक्षणिक वर्ष 2019-20 से शुरू हो चुकी हैं।<br>• ओपीडी सेवाएं 25.12.2019 से परिचालित है। |
| 16 | राजस्थान | एम्स, जोधपुर | I | कार्यशील |
| 17 | तमिलनाडु | एम्स, मदुरै | V | • निवेश-पूर्व कार्य प्रगति पर है।<br>• भारत सरकार और जापान सरकार द्वारा ऋण करार पर हस्ताक्षर किए गए हैं।<br>• परियोजना प्रबंधन परामर्शदाता (पीएमसी) नियोजित करने की प्रक्रिया चल रही है। |
| 18 | तेलंगाना | एम्स, बीबीनगर | VII | • निवेश-पूर्व कार्य प्रगति पर है।<br>• मुख्य कार्य के लिए कार्यकारी एजेंसी की नियुक्ति की जा चुकी है।<br>• मास्टर प्लान को अंतिम रूप दिया जा चुका है।<br>• मुख्य निर्माण कार्य के लिए निविदा का मूल्यांकन किया जा रहा है।<br>• एमबीबीएस की कक्षाएं शैक्षणिक वर्ष 2019-20से शुरू हो चुकी हैं।<br>• ओपीडी सेवाएं 02.06.2020 से परिचालित हैं। |

| | | | | |
|---|---|---|---|---|
| 19 | उत्तर प्रदेश | एम्स, रायबरेली | II | • ओपीडी और आवासीय ब्लॉक पूरा हो चुका है।<br>• मेडिकल कॉलेज / अस्पताल पूर्ण हो चुके है।<br>• एमबीबीएस की कक्षाएं शैक्षणिक वर्ष 2019-20 से शुरू हो चुकी हैं।<br>• ओपीडी सेवाएं 13.08.2018 से परिचालित हैं। |
| 20 | | एम्स, गोरखपुर, | IV | • निर्माण कार्य - 92.1% पूर्ण।<br>• एमबीबीएस की कक्षाएं शैक्षणिक वर्ष 2019-20 से शुरू हुईं।<br>• ओपीडी सेवाएं 24.02.2019 से चालू हैं।<br>• 7.12.2021 से 300 बिस्तरों वाला आईपीडी चालू है। |
| 21 | उत्तराखंड | एम्स, ऋषिकेश | I | कार्यशील |
| 22 | पश्चिम बंगाल | एम्स, कल्याणी | IV | • निर्माण कार्य की प्रगति:<br>✓ चरण I - ओपीडी ब्लॉक और आवासीय परिसर पूर्ण<br>✓ चरण II - अस्पताल और शैक्षणिक परिसर पूर्ण<br>• एमबीबीएस की कक्षाएं शैक्षणिक वर्ष 2019-20 से शुरू हो चुकी हैं।<br>• ओपीडी सेवाएं 27.01.2021 से परिचालित हैं। |

**पीएमएसएसवाई के तहत सरकारी मेडिकल कॉलेजों/संस्थानों (जीएमसीआई) की 75 उन्नयन परियोजनाओं की स्थिति**

| सं. सं. | राज्य | चरण | सं. | सरकारी मेडिकल कॉलेज का नाम | स्थिति |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | आंध्र प्रदेश | I | 1 | श्री वेंकटेश्वर आयुर्विज्ञान संस्थान, तिरुपति | पूरा हुआ |
| | | III | 2 | सिद्धार्थ मेडिकल कॉलेज, विजयवाड़ा | सिविल कार्य पूर्ण |
| | | | 3 | सरकारी मेडिकल कॉलेज, अनंतपुर | सिविल कार्य पूर्ण |
| 2 | असम | III | 4 | गुवाहाटी मेडिकल कॉलेज, गुवाहाटी | सिविल कार्य पूर्ण |
| | | | 5 | असम मेडिकल कॉलेज,डिब्रुगढ़ | सिविल कार्य पूर्ण |
| 3 | बिहार | III | 6 | श्रीकृष्ण मेडिकल कॉलेज, मुजफ्फरपुर | सिविल कार्य 69.38% पूरा हुआ |
| | | | 7 | सरकारी मेडिकल कॉलेज, दरभंगा | सिविल कार्य 83.04% पूरा हुआ |
| | | IV | 8 | पटना मेडिकल कॉलेज और अस्पताल, पटना | 22% सिविल कार्य पूर्ण |
| | | | 9 | सरकारी मेडिकल कॉलेज, भागलपुर | 85% सिविल कार्य पूरा हुआ |
| | | | 10 | सरकारी मेडिकल कॉलेज, गया | सिविल कार्य 89 % पूरा |
| | | V | 11 | आईजीआईएमएस, पटना | सिविल कार्य 20% पूरा हुआ |
| 4 | छत्तीसगढ़ | IV | 12 | सरकारी मेडिकल कॉलेज, बिलासपुर | 85% सिविल कार्य पूरा हुआ |
| | | | 13 | सरकारी मेडिकल कॉलेज, जगदलपुर | सिविल कार्य 72 % पूरा हुआ |
| 5 | दिल्ली | IV | 14 | यूसीएमएसअस्पताल जीटीबी- | सरकार राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र दिल्ली ने डॉ. बीएसए मेडिकल कॉलेज, रोहिणी को उन्नयन करने का प्रस्ताव रखा। |
| 6 | गोवा | III | 15 | गोवा मेडिकल कॉलेज, पणजी | सिविल कार्य पूर्ण |
| 7 | गुजरात | I | 16 | बीजे मेडिकल कॉलेज, अहमदाबाद | पूरा हुआ |
| | | III | 17 | सरकारी मेडिकल कॉलेज, राजकोट | सिविल कार्य पूर्ण |
| | | IV | 18 | सरकारी मेडिकल कॉलेज, सूरत | कार्यकारी एजेंसी का चयन किया गया। डीपीआर स्वीकृत। |
| | | | 19 | सरकारी मेडिकल कॉलेज, भावनगर | सिविल कार्य का 94.50 % पूरा हुआ |
| 8 | हरियाणा | II | 20 | पंडित बीडी शर्मा स्नातकोत्तर आयुर्विज्ञान संस्थान, रोहतक | पूरा हुआ |
| 9 | हिमाचल प्रदेश | II | 21 | सरकारी मेडिकल कॉलेज, टांडा | पूरा हुआ |
| | | III | 22 | इंदिरा गांधी सरकारी मेडिकल कॉलेज, शिमला | 99% सिविल कार्य पूरा हुआ |
| 10 | जम्मू और | I | 23 | सरकारी मेडिकल कॉलेज, जम्मू | पूरा हुआ |

| | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|
| | कश्मीर | I | 24 | सरकारी मेडिकल कॉलेज, श्रीनगर | पूरा हुआ |
| 11 | झारखंड | I | 25 | राजेंद्र आयुर्विज्ञान संस्थान )आरआईएमएस), रांची | पूरा हुआ |
| | | III | 26 | पाटलिपुत्र मेडिकल कॉलेज, धनबाद | 99% सिविल कार्य पूरा हुआ |
| 12 | कर्नाटक | I | 27 | बेंगलूरु मेडिकल कॉलेज, बैंगलोर | पूरा हुआ |
| | | III | 28 | विजयनगर इंस्टीट्यूट ऑफ मेडिकल साइंसेज, बेल्लारी | सिविल कार्य पूर्ण |
| | | III | 29 | कर्नाटक आयुर्विज्ञान संस्थान, हुबली | सिविल कार्य पूर्ण |
| 13 | केरल | I | 30 | मेडिकल कॉलेज, तिरुवनंतपुरम | पूरा हुआ |
| | | III | 31 | कोजिकोड मेडिकल कॉलेज | सिविल कार्य पूर्ण |
| | | III | 32 | टी.डी. मेडिकल कॉलेज, अलापुझा | सिविल कार्य का 98.61% पूरा हुआ |
| | | V | 33 | एससीटीआईएमएसटी , त्रिवेंद्रम | सिविल कार्य का 76 % पूरा |
| 14 | मध्य प्रदेश | III | 34 | सरकारी मेडिकल कॉलेज, रीवा | सिविल कार्य पूर्ण |
| | | | 35 | नेताजी सुभाष चंद्र बोस मेडिकल कॉलेज, जबलपुर | सिविल कार्य पूर्ण |
| | | | 36 | जीआर मेडिकल कॉलेज, ग्वालियर | सिविल कार्य पूर्ण |
| | | IV | 37 | सरकारी मेडिकल कॉलेज, इंदौर | सिविल कार्य पूर्ण |
| 15 | महाराष्ट्र | I | 38 | ग्रांट मेडिकल कॉलेज और सर जे जे ग्रुप ऑफ अस्पताल, मुंबई | पूरा हुआ |
| | | II | 39 | सरकारी मेडिकल कॉलेज, नागपुर | पूरा हुआ |
| | | III | 40 | सरकारी मेडिकल कॉलेज, औरंगाबाद | सिविल कार्य पूर्ण |
| | | | 41 | सरकारी मेडिकल कॉलेज, लातूर | सिविल कार्य पूर्ण |
| | | | 42 | सरकारी मेडिकल कॉलेज,अकोला | सिविल कार्य पूर्ण |
| | | | 43 | श्री वसंतराव नाइक सरकारी मेडिकल कॉलेज, यवतमाल | सिविल कार्य पूर्ण |
| 16 | ओडिशा | III | 44 | एमकेसीजी मेडिकल कॉलेज, बेहरामपुर | सिविल कार्य पूर्ण |
| | | III | 45 | वीएसएस मेडिकल कॉलेज, बुर्ला | 79.50% सिविल कार्य पूर्ण |
| | | IV | 46 | सरकारी मेडिकल कॉलेज, कटक | कार्य अभी शुरू नहीं हुआ है। राज्य सरकार ने स्थान परिवर्तन के लिए अनुरोध किया है |
| 17 | पंजाब | II | 47 | सरकारी मेडिकल कॉलेज, अमृतसर | पूरा हुआ |
| | | III | 48 | सरकारी मेडिकल कॉलेज, पटियाला | सिविल कार्य पूर्ण |
| 18 | राजस्थान | III | 49 | एसपी मेडिकल कॉलेज, बीकानेर | सिविल कार्य पूर्ण |
| | | | 50 | आरएनटी मेडिकल कॉलेज, उदयपुर | सिविल कार्य पूर्ण |
| | | | 51 | सरकारी मेडिकल कॉलेज, कोटा | सिविल कार्य पूर्ण |

| | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|
| | | IV | 52 | सरकारी मेडिकल कॉलेज, जयपुर | सिविल कार्य पूर्ण |
| 19 | तमिलनाडु | I | 53 | सरकारी मेडिकल कॉलेज, सलेम | पूरा हुआ |
| | | II | 54 | सरकारी मेडिकल कॉलेज, मदुरै | पूरा हुआ |
| | | III | 55 | तंजावुर मेडिकल कॉलेज, तंजावुर | सिविल कार्य पूर्ण |
| | | | 56 | तिरुनेलवेली मेडिकल कॉलेज, तिरुनेलवेली | सिविल कार्य पूर्ण |
| 20 | तेलंगाना | I | 57 | निजाम इंस्टीट्यूट ऑफ मेडिकल साइंसेज, हैदराबाद | पूरा हुआ |
| | | III | 58 | राजीव गांधी आयुर्विज्ञान संस्थान, आदिलाबाद | सिविल कार्य पूर्ण |
| | | | 59 | काकतीय मेडिकल कॉलेज, वारंगल | सिविल कार्य पूर्ण |
| 21 | त्रिपुरा | III | 60 | अगरतला सरकारी मेडिकल कॉलेज, त्रिपुरा | सिविल कार्य पूर्ण |
| 22 | उत्तर प्रदेश | I | 61 | एसजीपीजीआईएमएस, लखनऊ | पूरा हुआ |
| | | I | 62 | आईएमएस, बीएचयू , वाराणसी में ट्रामा सेंटर टीसी) | पूरा हुआ |
| | | II | 63 | जवाहरलाल नेहरू मेडिकल कॉलेज अलीगढ़ मुस्लिम विश्वविद्यालय, अलीगढ़ | पूरा हुआ |
| | | III | 64 | सरकारी मेडिकल कॉलेज, झांसी | सिविल कार्य पूर्ण |
| | | | 65 | सरकारी मेडिकल कॉलेज, गोरखपुर | सिविल कार्य पूर्ण |
| | | | 66 | एमएलएन मेडिकल कॉलेज, इलाहाबाद | सिविल कार्य पूर्ण |
| | | | 67 | एलएलआर मेडिकल कॉलेज, मेरठ | सिविल कार्य पूर्ण |
| | | IV | 68 | सरकारी मेडिकल कॉलेज, आगरा | 47.27% सिविल कार्य पूर्ण |
| | | IV | 69 | सरकारी मेडिकल कॉलेज, कानपुर | सिविल कार्य 98.76% पूरा हुआ |
| | | V | 70 | इंस्टीट्यूट ऑफ मेडिकल साइंसेज, बीएचयू , वाराणसी में एसएसबी | सिविल कार्य पूर्ण |
| | | V | 71 | इंस्टीट्यूट ऑफ मेडिकल साइंसेज, बीएचयू, वाराणसी में आरआईओ | सिविल कार्य पूर्ण |
| 23 | पश्चिम बंगाल | I | 72 | कोलकाता मेडिकल कॉलेज, कोलकाता | पूरा हुआ |
| | | III | 73 | बीएस मेडिकल कॉलेज, बांकुरा | सिविल कार्य पूर्ण |
| | | III | 74 | सरकारी मेडिकल कॉलेज, मालदा | सिविल कार्य पूर्ण |
| | | III | 75 | नॉर्थ बंगाल मेडिकल कॉलेज, दार्जिलिंग | सिविल कार्य 91 % पूरा |

******